an>

Title: Madam Speaker congratulated Sania Mirza, Leander Paes, Sumit Nagal, Sumit Nagal and Shubham Jaglan on winning Wimbledon Doubles (Women) and Mixed Doubles Championships in Wimbledon, England; and Junior World Golf Championship in San Diego,United States of America respectively.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत की तरफ से 11 जुलाई, 2015 को विम्बल्डन टेनिस प्रतियोगिता में महिला युगल खिताब जीतने वाली महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा को बधाई देने में आप सभी मेरे साथ होंगे।

सभा 12 जुलाई, 2015 को विम्बल्डन में मिश्रित युगल खिताब जीतने पर लिएंडर पेस और विम्बल्डन में जूनियर युगल खिताब जीतने के लिए 17 वर्षीय सुमित नागल को भी हार्दिक बधाई देती है।

माननीय सदस्यगण, 17 जुलाई 2015 को सैन डिएगो, संयुक्त राज्य अमेरिका में विश्व जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप जीतने पर 10 वर्षीय शुभम जगलान को सभा की ओर से बधाई देते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

ये उत्कृष्ट उपलब्धियाँ राष्ट्रीय गौरव की बात है और हमारे सभी उदीयमान खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

हम सानिया मिर्ज़ा, लिएंडर पेस, सुमित नागल और शुभम जगलान को उनके आगामी प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएँ देते हैं।

-